# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–2019
## कक्षा–12
## अधिकोषण तत्व
## (वाणिज्य वर्ग के लिये)

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**नोट :** (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या–1 से 10 तक बहुविकल्पीय है। प्रश्न संख्या–11 से 20 तक अति लघु उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 30 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। प्रश्न संख्या–21 से 26 तक लघु उत्तरीय हैं जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। प्रश्न संख्या–27 से 30 तक दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 250 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

सही उत्तर का चयन कीजिए तथा उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

1– बैंक क्या है? 1

(i) एक व्यक्ति (ii) एक संस्था

(iii) एक समिति (iv) उपर्युक्त सभी

2– चेक बुक का प्रयोग किया जाता है– 1

(i) धनराशि जमा करने हेतु (ii) धनराशि निकालने हेतु

(iii) रकम के हस्तान्तरण हेतु (iv) इनमें से कोई नहीं।

3– समाशोधन गृह की स्थापना सर्वप्रथम कहाँ हुई थी? 1

(i) जापान में (ii) इटली में

(iii) फ्रांस में (iv) लन्दन में

4— सन् 1929—36 की अवधि में देश में कितने बैंक असफल हुए थे? 1

(i) 481 बैंक (ii) 491 बैंक

(iii) 501 बैंक (iv) इनमें से कोई नहीं

5— भारत में सहकारी आन्दोलन का प्रादुर्भाव कब हुआ? 1

(i) सन् 1904 में (ii) सन् 1914 में

(iii) सन् 1929 में (iv) सन् 1948 में

6— भारत में प्रथम भूमि विकास बैंक की स्थापना कहाँ हुई थी? 1

(i) पुणे में (ii) लखनऊ में

(iii) झंग में (iv) हैदराबाद में

7— चिट फण्ड नामक संगठन में सदस्यों की न्यूनतम संख्या कितनी होती है? 1

(i) 5 (ii) 10

(iii) 15 (iv) 20

8— बैंक की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति किसे कहा जाता है? 1

(i) स्थायी स्कन्ध को (ii) नकद कोष को

(iii) कोषागार विपत्र को (iv) सरकारी प्रतिभूतियों को

9— स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया कब अस्तित्व में आया? 1

(i) सन् 1955 में (ii) सन् 1949 में

(iii) सन् 1980 में (iv) सन् 1905 में

10— भारत का केन्द्रीय बैंक है' 1

(i) भारतीय स्टेट बैंक (ii) भारतीय रिजर्व बैंक

(iii) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया (iv) इनमें से कोई नहीं।

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

11— सरकारी नकदी ऋण का आशय लिखिए। 2

12— संगठित मुद्रा बाजार की विशेषताएं लिखिए। 2

13— प्रतिज्ञापत्र एवं हुण्डी में अन्तर लिखिए। 2

14— अधिविकर्ष तथा नकद साख में अन्तर लिखिए। 2

15— बैंक की परिभाषा लिखिए। 2

16— शाखा बैंकिंग किसे कहते हैं? लिखिए। 2

17— समाशोधन गृह क्या है? लिखिए। 2

18— चिट फण्ड कम्पनियों के दोष लिखिए। 2

19— देशी बैंकर एवं महाजन में अन्तर लिखिए। 2

20— एक रेखांकित चेक का नमूना बनाइए। 2

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

21— भारत में व्यापारिक बैंकों की कमियों का उल्लेख कीजिए। 5

22— बैंक में बचत खाता खोलने के लाभ लिखिए। 5

23— देशी बैंकर के गुणों का वर्णन कीजिए। 5

24— चेक के अनादरण की दशाओं का उल्लेख कीजिए। 5

25– प्राथमिक साख समितियों के उद्देश्य लिखिए। 5

26– भारतीय स्टेट बैंक के कार्यों का वर्णन कीजिए। 5

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

27– भारतीय अर्थ व्यवस्था में बैंक के महत्व पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

चालू खाता किसे कहते हैं? बैंक में चालू खाता खोलने की विधि का वर्णन कीजिए। 4+6

28– भारत में बैंकिंग संकट के कारणों एवं प्रभावों का वर्णन कीजिए। 5+5

अथवा

काल्पनिक आंकड़ों की सहायता से बैंक का आर्थिक चिट्ठा बनाइए। 10

29– भारत में डाकघर द्वारा दी जाने वाली बैंक सम्बन्धी सेवाओं का वर्णन कीजिए। 10

अथवा

भारतीय रिजर्व बैंक की सफलताओं का मूल्यांकन कीजिए। 10

30– मुद्रा बाजार क्या होता है? भारतीय मुद्रा बाजार के गुण–दोषों का वर्णन कीजिए। 2+4+4

अथवा

भारतीय मुद्रा बाजार के प्रमुख अंगों का वर्णन कीजिए। 10

———